

# ओवरलोड रेत वाहनों से नष्ट हो रही सड़कें बनी हादसों का सबब

## मध्यप्रदेश-छत्तीसगढ़ के सीमावर्ती जनकपुर से सीधी जिले में परिवहन करने वाले ओवरलोड रेत वाहनों से अमझर-ददरी सड़क के उड़े परखच्चे

नवभारत न्यूज

**सीधी 19 अप्रैल। ओवरलोड रेत वाहनों से नष्ट हो रही सड़कें हादसों का सबब बनी हैं। मध्यप्रदेश-छत्तीसगढ़ के सीमावर्ती जनकपुर से सीधी जिले में परिवहन करने वाले ओवरलोड रेत वाहनों से एमपीआरडीसी की अमझर-ददरी सड़क के परखच्चे उड़ रहे हैं।**

जिले के सुदूर सीमावर्ती जनकपुर से सीधी जिले की ओर रेत का परिवहन करने वाले ओवरलोड वाहनों की संख्या सैकड़ों में है। रेत परिवहन में लगे वाहन पूरी तरह से ओवरलोड दौड़ते हैं लिहाजा रेत के ओवरलोड वाहन सड़कों को समय से पहले ही क्षतिग्रस्त कर रहे हैं। ऐसे में ग्रामीण और मुख्य सड़कों पर बड़े-बड़े गड्ढे हो रहे हैं। सड़क का डामर उखड़ रहा है और सड़क के धंसने जैसे समस्याएं हो रही हैं। ओवरलोड वाहनों के भारी वजन के कारण सड़कें सकरी हो रही हैं और हादसे भी बढ़ रहे हैं। रेत के इस अवैध परिवहन से न केवल सड़कों का बुनियादी ढांचा बर्बाद हो रहा है बल्कि धूल से वायु प्रदूषण और यातायात में व्यवधान भी उत्पन्न हो रहा है। एमपीआरडीसी के अधीन सड़क के परखच्चे उड़ने से वाहनों की आवाजाही में भी समस्याएं कई स्थानों में देखी जा रही हैं।

हैरत की बात तो यह है कि रेत के ओवरलोड दौड़ रहे वाहनों पर कार्यवाई करने जिम्मेदार जिन विभागों के पास है वह पूरी तरह से निष्क्रिय नजर आ रहे हैं। सुदूर पहाड़ी क्षेत्र होने के कारण यहां जिम्मेदार अधिकारी निरीक्षण एवं कार्यवाई करने से भी पूरी तरह से दूरी बनाये हुये हैं। यदि यही लापरवाही और मनमानी बनी रही तो कुछ महीने के अंदर ही यह मुख्य मार्ग पूरी तरह से खस्ताहाल हो जायेगा। गर्मी के बाद बरसात के दिनों में वाहनों की आवाजाही में उस दौरान और भी ज्यादा समस्याएं निर्मित हो जायेंगी, साथ ही सड़क हादसे भी बढ़ेंगे।





### वन अवरोधक नाके से बेखौफ निकलते हैं ओवरलोड वाहन




जनकपुर की ओर से ओवरलोड आने वाले रेत के वाहन वन अवरोध नाका नारायणपुर, मड़वास बफरजोन की ओर से निकलते हैं। हैरत की बात तो यह है कि यहां से निकलने वाले ओवरलोड रेत के वाहनों की कोई जांच करने की जरूरत नहीं समझी जाती। यह वन अवरोध नाका संजय टाईगर रिजर्व सीधी की ओर से लगाया गया है। वन अवरोध नाका से रोजाना रेत परिवहन में लगे सैकड़ों ओवरलोड वाहन गुजरते हैं। यदि वन अवरोध नाका में जांच की कोई व्यवस्था बना दी जाय तो ओवरलोड वाहनों का चलना रूक सकता है।

### ऐसे होती है कार्रवाई से बचने की कोशिश

रेत के परिवहन में ओवरलोडिंग के बाद कार्रवाई से बचने की कोशिश भी की जाती है। दरअसल रेत खदान से रेत परिवहन की टीपी घनमीटर में जारी की जाती है। दूसरी ओर सड़क पर आरटीओ और पुलिस द्वारा टन में ओवरलोड निकालकर नुकसान का आकलन किया जाता है। रेत से ओवरलोड वाहन पकड़े जाने के बाद क्षेत्रफल में पर्ची और वजन में जांच के बीच की इसी प्रक्रिया से बचकर निकलने की कोशिश की जाती है। इसका खामियाजा आमजन को सड़क पर आवागमन के दौरान उठाना पड़ रहा है। इससे सड़कें खराब हो रही हैं और सड़क दुर्घटना के मामले भी बढ़ रहे हैं।

### ओवरलोडिंग से नुकसान और कार्यवाही के अधिनियम

सड़कों का डैमेज: भारी ट्रकों और डम्परों के लगातार गुजरने से सड़कें जल्दी धंस जाती हैं और टूट जाती हैं, जिससे भारी मरम्मत की जरूरत पड़ती है। दुर्घटनाओं में वृद्धि: ओवरलोड वाहनों के कारण सड़कों पर रेत गिरने और डामर उखड़ने से दोपहिया वाहनों के फिसलने की संभावना बनी रहती है। ग्रामीण अंचल में संकरी ग्रामीण सड़कों पर इन भारी वाहनों का दबाव ज्यादा होने से सड़कें पूरी तरह बर्बाद हो रही हैं। यदि कानूनी और सुरक्षित कार्रवाई की बात की जाये तो मोटर वाहन अधिनियम की धारा 194 के तहत ओवरलोडिंग करने पर अब 20000 रुपये तक का भारी जुर्माना और प्रति अतिरिक्त टन 2000 रुपये का जुर्माना लगाया जा सकता है। लेकिन प्रशासनिक उदासीनता के चलते अवैध रेत खनन और ओवरलोडिंग के कारवाई न होने से ग्रामीणों को भारी परेशानी हो रही है।

### इनका कहना है

जोगीपहरी से जनकपुर मार्ग कुछ महीने पहले ही एमपीआरडीसी के देख-रेख के लिए मिला है। ओवरलोड रेत वाहनों से सड़कें खराब हो रही ओवरलोड वाहनों के परिवहन में रोक के लिए पत्राचार किया जायेगा।

**संगीता उईके, एजीएम एमपीआरडीसी सीधी**

छत्तीसगढ़ बार्डर के समीप जनकपुर से सीधी जिले की ओर आने वाले रेत के ओवरलोड वाहनों के संबंध में जानकारी नवभारत के माध्यम से संज्ञान में आई है। निश्चित ही इस पर कार्यवाई सुनिश्चित करायेंगे।

**कपिलमुनि शुक्ला, खनिज अधिकारी सीधी**

# सुचारू कार्य संचालन के लिए भवन व संसाधन अत्यंत आवश्यक : विश्वामित्र

नवभारत न्यूज

**सीधी 19 अप्रैल। विधानसभा क्षेत्र सिहावल अंतर्गत उपखण्ड कार्यालय भवन लागत 1.15 करोड़ रूपये का विधायक सिहावल विश्वामित्र पाठक के मुख्य आतिथ्य में आज रविवार को पूजा अर्चना, मंत्रोच्चार के साथ एवं फीता काटकर सम्पन्न हुआ।**



कौशल सिंह परते कार्यपालन यंत्री पीआईयू ने भवन की संरचना, लागत एवं उपयोगिता से अवगत कराया। मुख्य अतिथि विश्वामित्र पाठक विधायक सिहावल ने अपने सारगर्भित उद्बोधन में कहा कि भवन बन जाने से क्षेत्रवासियों को सुविधाजनक ढंग से गुणवत्तापूर्ण सेवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित होगी। आगे कहा कि लोगों को बेहतर सेवाएं उपलब्ध कराने हेतु भवन एवं आवश्यक संसाधनों की हरसंभव पूर्ति की जाएगी। मुख्य अतिथि ने कहा कि सिहावल विधानसभा क्षेत्र में सभी क्षेत्रों में तीव्र गति से निर्माण एवं विकास कार्य कराए जा रहे हैं, इसी कड़ी में आज इस भवन का लोकार्पण हो रहा है। मुख्य अतिथि एवं अन्य अतिथियों ने भवन के सभी कक्षों का अवलोकन किया। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत सीधी शैलेंद्र सोलंकी, एसडीएम राजेश शुक्ला, अतिरिक्त सीईओ धनंजय मिश्रा, जनपद सीईओ रोहित उपाध्याय, तहसीलदार जयप्रकाश पाण्डेय, बीडीओ सुश्री रश्मि पाण्डेय, मंडल अध्यक्ष विमलेश रावत, पुष्पेन्द्र पाण्डेय, गजराज सिंह, सरपंच श्रीमती मुन्नी प्रजापति, दलबहादुर सिंह, संतोष शुक्ला, पुष्पेन्द्र मिश्रा, अवधेश चतुर्वेदी, जितेन्द्र सिंह, दिलीप सोनी, संतोष पाठक, चंद्र शेखर शुक्ला, श्रीमती रेनू त्रिपाठी, फजल अहमद, रितेश गुप्ता सहित नवविवाहित जोड़े एवं उनके परिजन, अधिकारी-कर्मचारी एवं गणमान्य जन उपस्थित रहे।

# संकल्प पहल से सिविल सेवा की राह आसान, अंतिम सप्ताह की तैयारी पर विशेष फोकस

नवभारत न्यूज

**सीधी 19 अप्रैल। सिविल सर्विसेज डे 2026 के अवसर पर जिला प्रशासन सीधी द्वारा युवाओं के उज्ज्वल भविष्य के लिए शुरू की गई संकल्प पहल लगातार सकारात्मक परिणाम दे रही है। कलेक्टर की प्रेरणा से संचालित इस पहल का उद्देश्य जिले के प्रतिभाशाली युवाओं, विशेषकर गरीब एवं वंचित वर्ग के विद्यार्थियों को सिविल सेवा परीक्षाओं के लिए सही दिशा संसाधन और प्रभावी मार्गदर्शन उपलब्ध कराना है।**

डिप्टी कलेक्टर एवं प्रभारी मुख्य नगर पालिका अधिकारी प्रिया पाठक के नेतृत्व में नगर पालिका सीधी के पुस्तकालय में संचालित इस पहल के अंतर्गत विद्यार्थियों को अनुशासित, शांत और प्रेरणादायक अध्ययन वातावरण मिल रहा है। नियमित कक्षाओं के माध्यम से अभ्यर्थियों को लक्ष्य के प्रति केन्द्रित रखते हुए उनकी तैयारी को व्यवस्थित रूप दिया जा रहा है। रविवार को आयोजित कक्षा में आगामी रविवार को होने वाली राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा को ध्यान में रखते हुए विशेष रणनीतिक मार्गदर्शन प्रदान किया गया। अंतिम सप्ताह में तैयारी को कैसे सुदृढ़ किया जाएए इस पर विस्तार से चर्चा करते हुए अभ्यर्थियों को सलाह दी गई कि वे इस समय नए विषय शुरू करने के बजाय पहले से पढ़े गए विषयों का गहन पुनरावलोकन करें, महत्वपूर्ण तथ्यों एवं स्वयं के बनाए नोट्स को दोहराएं तथा मॉक टेस्ट के माध्यम से अपनी तैयारी का मूल्यांकन करें। कक्षा में परीक्षा के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों पर भी विस्तार से जानकारी दी गई। अभ्यर्थियों को समय प्रबंधन, प्रश्नों का संतुलित चयन, जल्दबाजी से बचने तथा नकारात्मक अंकन को ध्यान में रखते हुए उत्तर देने की समझ विकसित करने पर जोर दिया गया। साथ ही परीक्षा केन्द्र पर समय से पहुंचने, आवश्यक दस्तावेज साथ रखने एवं मानसिक रूप से शांत एवं आत्मविश्वासी बने रहने की भी सलाह दी गई। संकल्प पहल की विशेषता यह है कि इसमें चयनित अधिकारियों द्वारा सीधे मार्गदर्शन प्रदान किया जा रहा है। उनके अनुभवों, रणनीतियों और व्यावहारिक सुझावों से अभ्यर्थियों को सही दिशा मिल रही है जिससे तैयारी के दौरान होने वाला भ्रम और भटकाव काफी हद तक कम हो रहा है। यह पहल सीधी जिले के प्रतिभाशाली युवाओं के लिए एक सशक्त मंच के रूप में उभर रही है जहां वे अपनी क्षमता को निखारते हुए बड़े लक्ष्यों की ओर अग्रसर हो रहे हैं। विशेष रूप से आर्थिक रूप से कमजोर एवं वंचित वर्ग के विद्यार्थियों के लिए संकल्प नई आशा और अवसर लेकर आया है।

# जब सरकार की नियत अच्छी हो तो नीतियां भी जनहितकारी बनती हैं : रीती पाठक

## गोरियरा डैम बनेगा आकर्षक पर्यटन केन्द्र, 1.84 करोड़ से कैफेटेरिया, व्यूइंग डेक व पाथ-वे का होगा निर्माण

नवभारत न्यूज

**सीधी 19 अप्रैल। जिले के गोरियरा डैम परिसर को पर्यटन के रूप में विकसित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के तहत मध्यप्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम द्वारा 1 करोड़ 84 लाख रुपये की लागत से विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन विधायक सीधी श्रीमती रीती पाठक द्वारा किया गया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों एवं स्थानीय नागरिकों की गरिमामय उपस्थिति रही।**



परियोजना के अंतर्गत डैम परिसर में आधुनिक कैफेटेरिया, किचन, आकर्षक व्यूइंग डेक, सुगम पाथ-वे सहित अन्य आधारभूत सुविधाओं का निर्माण किया जाएगा, जिससे क्षेत्र को एक सुव्यवस्थित पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जा सकेगा। विधायक श्रीमती रीती पाठक ने कहा कि प्रधानमंत्री जी एवं मुख्यमंत्री जी पूरी संवेदनशीलता और प्रतिबद्धता के साथ कार्य करते हुए गांव-गांव और घर-घर तक जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचा रहे हैं। उन्होंने कहा कि जब सरकार की नीयत साफ और जनहित में होती है तो नीतियां भी प्रभावी और परिणामकारी बनती हैं जिसका लाभ सीधे आमजन को मिलता है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार का लक्ष्य केवल योजनाएं बनाना नहीं बल्कि उन्हें धरातल पर प्रभावी रूप से लागू कर प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक पहुंचाना है। आज विभिन्न योजनाओं के माध्यम से गरीब, मजदूर, किसान, महिलाएं और युवाओं को सशक्त बनाने का कार्य किया जा रहा है। विधायक ने पर्यटन के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि विकास एक सतत प्रक्रिया है और इसमें पर्यटन की महत्वपूर्ण भूमिका है। गोरियरा डैम जैसे प्राकृतिक स्थलों में अपार संभावनाएं हैं जिन्हें विकसित कर क्षेत्र को नई पहचान दी जा सकती है। इस परियोजना के पूर्ण होने पर यहां पर्यटकों की संख्या बढ़ेगी जिससे स्थानीय स्तर पर व्यापारए स्वरोजगार और आय के नए अवसर सृजित होंगे। उन्होंने कहा कि पर्यटन विकास केवल सौंदर्यीकरण तक सीमित नहीं है बल्कि यह स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूत करने का एक सशक्त माध्यम है। छोटे दुकानदारों, हस्तशिल्पकारों, युवाओं और सेवा क्षेत्र से जुड़े लोगों को इसका सीधा लाभ मिलेगा। विधायक ने जिले के समग्र विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हुए कहा कि स्वास्थ्य, शिक्षा, उद्योग और पर्यटन जैसे प्रमुख क्षेत्रों में सुविधाओं को और अधिक सुदृढ़ किया जाएगा। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि प्रशासन और जनप्रतिनिधियों के समन्वित प्रयासों से सीधी जिला विकास के नए आयाम स्थापित करेगा।

जिला पंचायत अध्यक्ष मंजू सिंह ने कहा कि गोरियरा डैम परिसर में होने वाले ये विकास कार्य क्षेत्र के उज्ज्वल भविष्य की मजबूत नींव साबित होंगे। उन्होंने कहा कि सरकार अधोसंरचना विकास को प्राथमिकता देते हुए कार्य कर रही हैए जिससे पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा और स्थानीय लोगों को रोजगार के बेहतर अवसर प्राप्त होंगे। कार्यक्रम में जनपद सदस्य नीतू सिंह, केडी साकेत, सरपंच सोनिया रावत, एसडीएम राकेश शुक्ला, विश्वबंधु धर द्विवेदी, पंकज पाण्डेय, पुष्पराज सिंह एवं कार्यपालन यंत्री अमित कुमार तिवारी सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी और बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# ग्लोरियस पब्लिक स्कूल में आयोजित हुआ प्रतिभा सम्मान समारोह

नवभारत न्यूज

**निवास 19 अप्रैल। सिंगरौली जिले के दुरांचल ग्राम में स्थित निजी विद्यालय ग्लोरियस पब्लिक स्कूल की प्रज्ञा जायसवाल ने 500 में से 500 अंकों के साथ इतिहास रचा था तथा अपना शत-प्रतिशत वार्षिक परीक्षा परिणाम रहा।**




विद्यालय से कक्षा 10वीं में छात्र अभय पाण्डेय ने 97.6 प्रतिशत अंको के साथ विद्यालय में प्रथम तथा जिले में दूसरा स्थान प्राप्त किए। वहीं सक्षम दुबे 97.2 प्रतिशत के साथ दूसरा तथा आकाश पाठक 97 प्रतिशत के तीसरे स्थान पर रहे। मुस्कान साकेत 96.2, सशंक सिंह 96.2, रितेश साहू 96 प्रतिशत अंको के साथ 17 बच्चे 90 प्रतिशत से ज्यादा तथा 18 बच्चे 80 प्रतिशत से ज्यादा रिजल्ट के साथ विद्यालय का हाईस्कूल का परीक्षा परिणाम 100 प्रतिशत रहा हैं। आज प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमे उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कक्षा दसवीं के बच्चों के साथ-साथ अन्य सभी कक्षाओं में स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक प्रतिनिधि राकेश सोनी विधायक प्रतिनिधि, जेडी साहू अध्यक्ष जिला साहू समाज, जेपी साहू पूर्व मंडल अध्यक्ष, प्राणपति साहू सरपंच पापल, युवराज सिंह सरपंच निवास, सत्यदेव साहू, विनय जायसवाल, ऋषिकेश शर्मा, रामनिहोर साहू, आशीष साहू, आशीष जायसवाल, रामसुजान साकेत, एसपी तिवारी, प्राचार्य आदित्यन राजा, अभिभावक, विद्यालय स्टाफ उपस्थित रहा। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले सभी बच्चों को विद्यालय की ओर से 5-5 हजार रुपए पुरस्कार राशि की घोषणा की गई, साथ ही संचालक द्वारा कहा गया कि विद्यालय का पहला बैच इस वर्ष कक्षा 12वीं में प्रवेश कर रहा है अत: विद्यालय से प्रदेश मेरिट में पहला स्थान प्राप्त करने वाले छात्र को 1 लाख रुपए तथा दसवीं में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को 25 हजार रुपए के पुरस्कार राशि से सम्मानित किया जायेगा।

# अवैध खनिज परिवहन पर कार्रवाई, मझौली में हाईवा जब्त, सघन जांच अभियान जारी



नवभारत न्यूज

**सीधी 19 अप्रैल। जिला प्रशासन के निर्देशन एवं जिला खनिज अधिकारी कपिल मुनि शुक्ला के मार्गदर्शन में खनिज एवं पुलिस के संयुक्त दल द्वारा अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण के विरुद्ध सघन अभियान चलाया गया।**

18 अप्रैल की सायं 6 बजे से 19 अप्रैल की प्रात: 7 बजे तक तहसील गोपदबनास, मझौली, बहरी एवं सिहावल अंतर्गत विभिन्न नदी घाटों एवं स्थलों का व्यापक निरीक्षण किया गया। अभियान के दौरान ग्राम चमराडोल, तहसील मझौली में खनिज फायरक्ले का अनाधिकृत परिवहन करते हुए एक हाईवा वाहन को पकड़कर नियमानुसार जब्त किया गया। जब्त वाहन को सुरक्षार्थ थाना प्रभारी मझौली की अभिरक्षा में सुपुर्द कर दिया गया है। संबंधित वाहन चालक एवं स्वामी के विरुद्ध म.प्र. खनिज (अवैध उत्खनन, परिवहन तथा भंडारण का निवारण) नियम 2022 के तहत प्रकरण दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई हेतु कलेक्टर के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा। प्रशासन द्वारा स्पष्ट किया गया है कि अवैध खनिज गतिविधियों पर लगातार निगरानी रखी जा रही है। कलेक्टर के निर्देशानुसार खनिज विभाग द्वारा ऐसे मामलों में कठोर दंडात्मक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी, जिससे अवैध खनन पर प्रभावी रूप से अंकुश लगाया जा सके।

# कमजोर व आर्थिक पिछड़ों के लिए वरदान से कम नहीं कन्या विवाह योजना : डॉ .राजेश

## सिहावल में सामूहिक विवाह-निकाह समारोह : 83 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे, 6 निकाह भी हुए

नवभारत न्यूज

**सीधी 19 अप्रैल। मुख्यमंत्री कन्या विवाह/निकाह योजना के अंतर्गत जनपद पंचायत प्रांगण सिहावल में आयोजित भव्य सामूहिक विवाह एवं निकाह समारोह सांसद डॉ.राजेश मिश्रा के मुख्य आतिथ्य, विधायक सिहावल विश्वामित्र पाठक की अध्यक्षता एवं जिला पंचायत अध्यक्ष मंजू सिंह की विशेष उपस्थिति में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में 83 जोड़ों का विवाह एवं 6 जोड़ों का निकाह गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। जिसमें बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं आमजन उपस्थित रहे।**





कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान श्री गणेश की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। आचार्यों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार एवं विधि-विधान के साथ विवाह संपन्न कराए गए। पूरे आयोजन में पारम्परिक उल्लास, सांस्कृतिक गरिमा एवं सामाजिक समरसता का अद्भुत संगम देखने को मिला। सभी नवदम्पत्तियों को शासन द्वारा प्रदान की जाने वाली 49-49 हजार रुपए की सहायता राशि के चेक वितरित किए गए। सांसद डॉ.मिश्रा ने नवविवाहित जोड़ों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह योजना समाज के कमजोर एवं आर्थिक रूप से पिछड़े वर्गों के लिए किसी वरदान से कम नहीं है। उन्होंने कहा कि विवाह जैसे महत्वपूर्ण संस्कार को सम्मानजनक और सहज बनाने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। उन्होंने नवदम्पत्तियों से आह्वान किया कि वे नशामुक्त जीवन अपनाएं, परिवार की जिम्मेदारियों को समझें और आपसी प्रेम, विश्वास एवं संस्कारों के साथ अपने जीवन की नई शुरुआत करें। विधायक सिहावल विश्वामित्र पाठक ने कहा कि मुख्यमंत्री सामूहिक कन्या विवाह एवं निकाह योजना आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के लिए अत्यंत उपयोगी और अभिनव पहल है। पहले जहां बेटियों के विवाह को लेकर परिवारों में चिंता रहती थी, वहीं अब इस योजना ने उस चिंता को काफी हद तक दूर किया है। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वे कानून एवं संविधान के दायरे में रहकर अपने जीवन को आगे बढ़ाएं और शासन की योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ लें।

जिला पंचायत अध्यक्ष मंजू सिंह ने कहा कि इस प्रकार के सामूहिक विवाह कार्यक्रम सामाजिक समरसता, भाईचारे और सहयोग की भावना को मजबूत करते हैं। उन्होंने नवदम्पत्तियों को आशीर्वाद देते हुए कहा कि वे अपने वैवाहिक जीवन को प्रेम, समझदारी और आपसी सहयोग से आगे बढ़ाएं तथा समाज के लिए प्रेरणा बनें।

### सीधी जिला जनगणना के लिये पूरी तरह है तैयार

मुख्यमंत्री कन्या विवाह एवं निकाह योजना अंतर्गत सिहावल में आयोजित सामूहिक विवाह कार्यक्रम के दौरान सांसद डॉ .राजेश मिश्रा द्वारा जनगणना 2027 की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर नवदम्पत्तियों सहित उपस्थित सभी नागरिकों ने जनगणना की गतिविधियों में सक्रिय सहभागिता का संकल्प लिया। शपथ के माध्यम से सभी ने यह प्रतिबद्धता व्यक्त की कि वे जनगणना के दौरान सही एवं सटीक जानकारी प्रदान करेंगे, अपने आसपास के लोगों को इसके प्रति जागरूक करेंगे तथा जनगणना को सफल बनाने में पूर्ण सहयोग देंगे। जनभागीदारी को सशक्त आधार मानते हुए सभी ने एक स्वर में संकल्प लिया कि सीधी जिला जनगणना को सफल बनाने के लिए पूरी तरह तैयार है।

### कार्यक्रम में इनकी रही उपस्थिति

इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी शैलेन्द्र सिंह सोलंकी, उपखंड अधिकारी सिहावल राजेश शुक्ला, अतिरिक्त सीईओ धनंजय मिश्रा, जनपद सीईओ रोहित उपाध्याय, तहसीलदार जयप्रकाश पाण्डेय, बीडीओ रश्मि पाण्डेय, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास प्रवेश मिश्रा, सरपंच मुन्नी प्रजापति सहित नवविवाहित जोड़े, उनके परिजन एवं बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

CMYK